Gautam Kumar Sengupta

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

FIRST TERM – 2019

MODEL ANSWER SHEET

Sub. : Hindi 3rd Lang. | F.M. : 90

Duration : 2 ½ Hr. | Class: VI A+C | Date : 13.04.2019

---

## Group - A

1. सही मिलान करें :- 1x5=5

उत्तर :-

| (क) | (ख) |
|---|---|
| चीं-चीं | चिड़ियाँ |
| खीं-खीं | बन्दर |
| काँव-काँव | कौवा |
| कू-कू | कोयल |
| गुटर-गूँ | कबूतर |

2. प्रश्नों को समझ कर सही उत्तर लिखें :- 1x5=5

(क) मीठू क्या लाया था?

उत्तर :- गुब्बारा ।

(ख) पूरब के दरवाजे से कौन आता है?

उत्तर :- सूरज ।

(ग) भाषा के कितने प्रकार हैं?

उत्तर :- दो ।

(घ) चिड़िया क्या करती है?

उत्तर :- गीत गाती है ।

(ङ) साँवरी का मनपसंद खाना क्या था?

उत्तर :- राजमा चावल ।

3. निम्नलिखित शब्दों की मात्रा सही करके लिखिए :- 1x5=5

उत्तर :-

(क) सुरज - सूरज ।

(ख) सवस्थ - स्वस्थ ।

(ग) प्रतियोगीता - प्रतियोगिता ।

(घ) खूश - खुश ।

(ङ) मीत्र - मित्र ।

4. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए :- 1x5=5

उत्तर :-

(क) नकली - बनावटी ।

(ख) जाँच - अच्छी तरह से देखना ।

(ग) तूफ़ान - तेज़ आँधी के साथ वारिश ।

(घ) उपाय - तरकीव ।

(ङ) रद्दी - बेकार चीज़ें ।

5. पाँच फूलों के नाम लिखिए । 1x5=5

उत्तर :- कमल, गुलाब, सूरजमुखी, चमेली, जूँई ।

## Group - B

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये । 2x5=10

(i) वर्ण किसे कहा जाता है?

उत्तर :- मुँह से निकली ध्वनियाँ वर्ण कहलाती हैं।

(ii) सूरज किस दिशा से उगता है?

उत्तर :- सूरज पूरब दिशा से उगता है।

(iii) सांवरी और मनु किस कारण खिलौनों से नहीं खेलते थे?

उत्तर :- सांवरी और मनु कम्प्युटर से खेलते थे। इसलिए दोनों अन्य खिलौनों से नहीं खेलते थे।

(iv) जूता उड़ते-उड़ते कहाँ जा गिरा?

उत्तर :- जूता उड़ते-उड़ते जापान में जा गिरा ।

(v) पायल कैसी बच्ची थीं?

उत्तर :- पायल एक हँसमुख बच्ची थीं।

7. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर दीजिये । 3x5=15

(i) सभी शिक्षिकाएँ और मित्र पायल की किस बात की प्रशंसा कर रहे थे और क्यों?

उत्तर :- सभी शिक्षिकाएँ और मित्रों ने पायल की इच्छाशक्ति और साहस की प्रशंसा कर रहे थे। क्योंकि पायल **विद्यालय** पहुँचते ही पैंड़ों से लिखना आरम्भ कर दिया था।

(ii) भाषा क्या है? भाषा के कितने रुप हैं?

उत्तर :- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपनी बात दुसरों तक पहुँचाते हैं। भाषा के दो रुप हैं - (क) मौखिक भाषा (ख) लिखित भाषा ।

(iii) मिठू और कौरा कहाँ रहते थे? कौरा मिठू को क्यों भगा रहा था?

उत्तर :- मिठू गाँव के एक पीपल के पेड़ पर रहता था और कौरा गाँव के एक आम के पेड़ पर रहता था।

कौरा मिठू को भगा रहा था क्योंकि वह अकेले ही सब आम खाना चाहता था।

(iv) सूरज किस दिशा में ढलता है? सूरज ढलने पर क्या होता है?

उत्तर :- सूरज पश्चिम दिशा में ढलता है। सूरज ढलने पर धुप थकी-सी लगती है और गरमी कम हो जाती है।

(v) पानी में जाकर रुई क्यों भारी हो गया? कहानी के आधार पर बतायें।

उत्तर :- पानी में जाकर रुई भारी हो गया क्योंकि पानी धीरे-धीरे रुई में भरने लगा जिससे रुई अधिक भारी होती गई।

इस कहानी में एक व्यापारी था। वह सुना कि बाज़ार में नमक बहुत कम दाम में बिक रहा है। वह बहुत-सा नमक खरीद कर गटरु की पीठ पर लाद दिया। गटरु ने सोचा कि यह इतना भारी है कि मैं उठा भी नहीं सकता। गटरु घसीटता हुआ धीरे-धीरे जा रहा था। रास्ते में एक नदी था। उसे पार करते समय अचानक गटरु पानी में गिर गया। किसी तरह वह पानी से उठकर समझा कि पीठ का बोझ बहुत कम हो गया। कारण नमक पानी में घुल गया। इस प्रकार गटरु ने चालाकी से बार-बार ये काम करता गया।

व्यापारी ने गटरु की चालाकी समझ गया। व्यापारी ने गटरु को सबक सिखाने के लिए कुछ रुई खरीदी और गधे की पीठ पर लाद दी। गटरु ने सोचा इसवार भार बहुत कम है। पानी में घुलकर तो यह और भी कम हो जायगा। गटरु जान-बूझकर पानी में गिर गया। धीरे-धीरे रुई में पानी भरने लगा और वह अधिक भारी होती गई। अब गटरु को पता चला की ये रुई का बोझ लादकर गटरु और भी झुका जा रहा है। इस प्रकार गटरु घसीटता हुआ घर आ पहुँचा।

## Group - C

8. 'सूरज' कविता पूरी करें और कवि का नाम लिखें :- 8+2=10

### सूरज

पूरब का दरवाज़ा खोल
धीरे-धीरे सूरज गोल
लाल रंग बिखराता है
ऐसे सूरज आता है।

गाती हैं चिड़ियाँ सारी
खिलती हैं कलियाँ प्यारी
दिन सीढ़ी पर चढ़ता है
ऐसे सूरज बढ़ता है।

लगते हैं कामों में सब
सुस्ती कहीं न रहती तव
धरती-गगन दमकता है
ऐसे तेज़ चमकता है।

गरमी कम हो जाती है
धूप थकी-सी आती है
सूरज आगे चलता है
ऐसे सूरज ढलता है।

कवि - श्री प्रसाद

9. प्रश्नों को समझ कर उत्तर लिखो:- 4x5=20

(क) गटरू पानी में फिसलकर क्यों गिर गया?

उत्तर :- व्यापारी जब दूसरीबार गटरू को साथ लेकर नमक खरीदने गया इस बार भी नमक का बोझ बहुत अधीक था । नमक का बोझ गटरू के पीठ पर लाद कर जब व्यापारी जाने लगा तो गटरू जान बूझकर फिर उसी जगह पर फिसलकर पानी में गिर गया । नमक नदी के पानी में घुल गया और उसकी पीठ का बोझ कम हो गया । नमक का बोझ कम करने के लिए ही गटरू नदी में जान-बूझकर गिर गया ।

(ख) शाम को पार्क में खेल रहे हैं, अगर तूफान आ जाए तो बचने के लिए क्या करोगे?

उत्तर :- शाम को पार्क में खेलते समय अगर तूफान आ जाए तो बचने के लिए कभी-भी पेड़ के नीचे रुकना उचीत नहीं होगा क्योंकि पेड़ किसी भी समय टूट कर गिर सकता है । अच्छा होगा कि किसी मकान या घर के नीचे छूप जाना और नहीं तो अपने घर में दौड़ कर चला जाना ही सबसे अच्छा उपाय होगा ।

(ग) खुली हवा में भागना-दौड़ना क्यों जरूरी है?

उत्तर :- अगर बच्चे नियमित रुप से / प्रत्येक दिन भाग-दौड़ का अभ्यास करे या खेलें, तो खुली हवा में खेलने य़ा भाग-दौड़ से उनका शरीर भी चुस्त रहेगा ।

(घ) समझ से काम करने से क्या होता हैं?

उत्तर :- सोच- समझ से काम करना अच्छा होता है । मेहनत करने से घबड़ाना नहीं चाहिए ।

गटरु गधा कहानी में हम देखते हैं कि गटरु जिस प्रकार चालाकि से नमक का बोझ को कम करने के लिए जान-बूझकर नदी के पानी में गिर गया और नमक पानी में घुल गया और उसकी पीठ का बोझ कम हो गया, इससे गधा बहुत खुश था ।

लेकिन व्यापारी जब समझ गया कि ये गटरु जान-बूझकर मेरा नुकसान किया तो उसने रुई खरीद कर गटरु के पीठ पर लाद दी । गटरु ने सोचा इसबार भार बहुत कम है । गटरु बहुत खुश था । वह नदी के पास पहुँचकर जान-बूझकर पानी में गिर गया । धीरे-धीरे रुई में पानी भरने लगा और रुई अधिक भारी होती गई और अन्त में गटरु बहुत थक गया । किसी तरह धीरे-धीरे चलता हुआ, वह घर पहुँचा ।

(ङ) सूरज ढलने पर क्या होता है?

उत्तर :- सूरज ढलने पर गरमी कम हो जाती है, धुप थकी सी लगती है । आस्त-आस्ते चारों ओर अंधेरा छा जाता है, सभी अपने- अपने घर पर लौट आते हैं।

10. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ:- 1x5=5

उत्तर :-

गगन – गर्मी के समय गगन भी दमकता है ।

रसीला – मैं रसीला आम पसन्द करता हुँ ।

उपाय – कठिन परिस्थितियों में उपाय सोचकर काम करना चाहिए ।

दुकान – मेरे पिताजी दुकान पर काम करते हैं ।

व्यापारी – मेरे दादाजी व्यापारी थे ।

11. पाँच रसीले फलों के नाम लिखो : 1x5=5

उत्तर :- पाँच रसीले फलों के नाम :- आम, नारंगी, तरबुज, अनार, अंगुर ।

********